भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.02.2026 के
तारांकित प्रश्न सं. 175 का उत्तर

वंदे भारत रेलगाड़ियों की किराया संरचना/वहनीयता

***175. एडवोकेट चन्द्र शेखर:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025-26 के दौरान जनवरी, 2026 तक वंदे भारत रेलगाड़ियों के लिए वर्तमान किराया संरचना सहित प्रमुख मार्गों पर एसी चेयर कार और एक्जीक्यूटिव क्लास का औसत किराया, नियमित मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों से तुलना और यात्रियों की संख्या के आंकड़ों (अक्सर 100 प्रतिशत के करीब) का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस व्यापक आलोचना को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है कि अधिक किराए के कारण वंदे भारत रेलगाड़ियां मध्यम और निम्न आय वाले यात्रियों के लिए वहनीय नहीं रह जाती हैं, जबकि इनमें प्रीमियम आधुनिक यात्रा का दावा किया जाता है;

(ग) यह मूल्य निर्धारण नीति किस प्रकार समावेशी और वहनीय सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों संबंधी विश्व बैंक की सिफारिशों और जापान के शिंकानसेन और चीन की हाई स्पीड रेल सहित विश्व की सर्वोत्तम पद्धतियों, जो रेलगाड़ी की तेज गति को व्यापक और आर्थिक रूप से वहनीय होने के साथ संतुलित करती है, के अनुरूप है; और

(घ) वंदे भारत को और अधिक समावेशी बनाने के लिए वर्ष 2025-26 के दौरान की गई पहलों तथा महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों या आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए रियायतें, रियायती दर पर टिकट या विशेष कोटा सहित उनका लाभ उठाए जाने का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 11.02.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 175 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): भारतीय रेल विभिन्न प्रकार के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करती है और इसके अनुसार अलग-अलग प्रकार की रेलगाड़ी सेवाएं परिचालित की जाती हैं जैसे उपनगरीय/अनुपनगरीय साधारण गाड़ी सेवाएं, मेल/एक्सप्रेस, अमृत भारत, वंदे भारत, वंदे भारत स्लीपर, नमो भारत रैपिड रेल, तेजस, हमसफर, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो और गरीब रथ गाड़ी सेवाएं आदि।

रेल मंत्रालय द्वारा विभिन्न प्रकार की यात्री सेवाओं की किराया संरचना तय करते समय सेवा की लागत, सेवा का मूल्य, मुहैया कराई जा रही सुविधाओं/सेवाओं का प्रकार, वहनीयता, अन्य प्रतिस्पर्धी परिवहन के साधनों से स्पर्धा तथा सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि पहलुओं को उचित महत्व दिया जाता है।

फरवरी 2019 में वंदे भारत सेवाएं शुरू किए जाने के पश्चात् से जनवरी 2026 तक इन्हें बढ़ाकर 82 मार्गों (164 गाड़ी सेवाओं) पर परिचालित किया जा रहा है।

वंदे भारत गाड़ियां एक अलग यात्री सेवा खंड के रूप में परिचालित की जाती हैं जिनकी विशिष्ट किराया संरचना होती है और इनमें बेहतर सस्पेंशन प्रणाली, सेमी-हाई स्पीड परिचालन के साथ तीव्र त्वरण, स्वचालित प्लग दरवाजे, एर्गोनॉमिक सीटें, मिनी रसोई यान, सीसीटीवी, कवच आदि जैसी विशेषताएं शामिल हैं।

भारतीय रेल में किराए विश्व के अन्य देशों की तुलना में न्यूनतम हैं।

पड़ोसी देशों की समान श्रेणी की सेवाओं के किराए तथा भारतीय रेल में यात्री किरायों (साधारण श्रेणी) का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है:

देश	लगभग न्यूनतम किराया प्रति यात्री किलोमीटर	भारत के साथ तुलना
भारत	लगभग ₹0.20	
पाकिस्तान	लगभग ₹0.54	लगभग 2.5 गुना अधिक
बांग्लादेश	लगभग ₹0.37	लगभग 2 गुना अधिक
श्रीलंका	लगभग ₹0.51	लगभग 2.5 गुना अधिक

वहनीयता को ध्यान में रखते हुए, वंदे भारत गाड़ी सेवाओं की किराया संरचना, गाड़ी सेवा की लागत से कम स्तर पर रखी गई है। 300 किलोमीटर से 400 किलोमीटर के बीच की यात्रा के लिए वंदे भारत वातानुकूलित चेयर कार का किराया लगभग ₹2.19 प्रति यात्री किलोमीटर है, जो चीन, जापान और फ्रांस जैसे देशों में इसी वर्ग की सेवाओं के किराए से बहुत कम है, जहां यह ₹7.00 से ₹20.00 प्रति यात्री किलोमीटर है।

युक्तिसंगत किराया संरचना द्वारा इन गाड़ी सेवाओं के देशभर में विस्तार की सुविधा प्रदान की गई है, जो इन गाड़ी सेवाओं के लिए अधिकतम यात्री मांग को दर्शाता है। सभी प्रमुख मार्गों पर लगभग 100% की अधिभोगिता के साथ वंदे भारत गाड़ी सेवाओं की अधिभोगिता उच्च स्तर पर है, जो यात्रियों की प्राथमिकताओं में बदलाव को दर्शाता है।

भारतीय रेल प्रत्येक वर्ष 720 करोड़ से अधिक यात्रियों को किफायती परिवहन सेवा मुहैया कराती है। भारतीय रेल की किराया संरचना सामाजिक-आर्थिक कारकों को ध्यान में रखने के अलावा विश्व की विभिन्न रेल प्रणालियों द्वारा अपनाई गई संबंधित सर्वोत्तम पद्धतियों के अनुरूप भी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में यात्रियों को दी जाने वाली कुल सब्सिडी का अनंतिम अनुमान ₹60,466 करोड़ है, जो यात्रा करने वाले यात्री की लागत पर 45% सब्सिडी के बराबर है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवाएं प्रदान करने की लागत ₹100 है, तो टिकट का मूल्य केवल ₹55 है। वंदे भारत रेलगाड़ियों के किरायों में कोई रियायत नहीं दी जाती है, बहरहाल, प्रत्येक रेलगाड़ी सेवा की चेयर कार में दिव्यांगजनों के लिए चार सीटें आरक्षित कोटे के रूप में निर्धारित की गई हैं।

*****